दिनांकः 07.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब दिया–सरकार के एक साल के कार्यकाल को पारदर्शी और कल्याणकारी बताया।
- फोन टैपिंग प्रकरण पर विधानसभा में हंगामा–विपक्षी सदस्यों ने मामले की जांच की मांग की–सत्ता पक्ष ने मुद्दे को बेबुनियाद बताया।
- आरबीआई ने रेपो रेट साढ़े छह प्रतिशत से घटाकर सवा छह प्रतिशत की–करीब पांच साल बाद कटौती की गई।
- दौसा में सात हजार किलो से अधिक अवैध डोडा–पोस्त ज़ब्त।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज विधानसभा में विपक्ष के हंगामा के बीच राज्यपाल की अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार वंचित, पीड़ित, मजदूर और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए काम करती रहेगी। केंद्रीय बजट में राजस्थान का नाम नहीं होने के विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन में राज्य को अच्छा बजट मिला है। इसके साथ ही केंद्रीय करों में राज्य की भागीदारी भी बढ़कर 85 हजार 716 करोड़ रुपए हो जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, उससे आम लोग अधिक खर्च कर पाएंगे और विकास की राह प्रशस्त होगी। विपक्ष के कई मुद्दों पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने केवल वादे किए, लेकिन मौजूदा सरकार ने जो कहा है उसे पूरा करने पर विश्वास करती है।

..................

मुख्यमंत्री ने कहा की संशोधित ईआरसीपी के लिए मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार के साथ हुआ एम ओ ए पब्लिक डोमेन में है जिसे कोई भी देख सकता है। साथ ही ये भी कहा कि पिछले एक साल में दी गई नियुक्तियां भी पारदर्शिता के साथ की गईं। इनका ब्यौरा कार्मिक विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

..................

मुख्यमंत्री के जवाब के समय प्रतिपक्ष के सदस्य वेल में आकर फोन टैपिंग मामले की जांच की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री के भाषण से पहले प्रतिपक्ष के नेता को भी बजट पर हुई बहस में भाग लेना था लेकिन उन्होंने इसमें हिस्सा नहीं लिया।

विपक्षी सदस्यों ने इस पर मुख्यमंत्री से जवाब देने की मांग की। वहीं सत्ता पक्ष के विधायकों ने इस मुद्दे को बेबुनियाद बताया।

नगरीय विकास और आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज सदन में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले चरण में प्रदेश में 2 लाख 88 हजार 550 आवास मंजूर किये गये थे। इनमें से अब तक एक लाख 96 हजार से ज्यादा आवास बनाए चुके हैं। 73 हजार से ज्यादा निर्माणाधीन हैं।

उन्होंने कहा कि योजना के पहले चरण के निर्माणाधीन आवासों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। भूजल मंत्री कन्हैया लाल ने कहा कि राज्य में भूजल दोहन दर लगभग डेढ सौ प्रतिशत रही है। सरकार भूजल स्तर बढाने और वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रभावी तरीके से काम कर रही है। ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने बताया कि प्रदेश में मनरेगा के तहत करीब 85 लाख एक्टिव जॉब कार्ड हैं।

विधानसभा के बजट सत्र का पहला चरण आज समाप्त हुआ। बजट सत्र का दूसरा चरण 19 फरवरी से शुरू होगा और इसी दिन राज्य का वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट भी पेश होगा।

000

समाचार महाकुंभ से –

..............

त्रिवेणी संगम महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज में मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर तीन अमृत स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मंत्रिमंडल और भाजपा विधायकों के साथ कल प्रयागराज जाने का कार्यक्रम है। वे महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान करेंगे। इसके साथ ही राजस्थान मंडपम में बैठक करेंगे।

.................

000

................

000

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई ने नीतिगत रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कमी की है। इसे साढ़े छह प्रतिशत से घटाकर सवा छह प्रतिशत कर दिया गया है। करीब पांच साल बाद ये कटौती की गई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति बैठक में दरें घटाने का फैसला लिया गया। पांच फरवरी से तीन दिन चली इस बैठक में ये निर्णय लिया गया। आज मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि देश में पर्याप्त उत्पादन क्षमता है। उन्होंने कहा कि कर राहत मिलने से विकास में सहायता मिलेगी। वर्ष 2025–26 के लिए हाल ही में केंद्रीय बजट में घोषित एक लाख करोड़ रुपये की कर राहत का मुद्रास्फीति पर कोई खास असर नहीं होगा।

.................

श्री मल्होत्रा ने बताया कि मंहगाई में कमी आई है और 2025–26 के दौरान इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के लिए श्री मल्होत्रा ने यह भी घोषणा की कि, रिजर्व बैंक भारतीय बैंकों के लिए एक विशेष इंटरनेट डोमेन **बैंक डॉट इन** लागू करेगा।
आरबीआई ने यह भी निर्णय लिया है कि इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह में वित्तीय निर्णय लेने और घरेलू बजट बनाने में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया जाएगा। इसकी शुरुआत 24 फरवरी से होगी। श्री मल्होत्रा ने सभी बैंकों से "वित्तीय साक्षरता महिलाओं की समृद्धि" थीम पर अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में मातृ मृत्यु दर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि पिछले 30 वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर इसमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी अवधि के दौरान शिशु मृत्यु दर में भी 69 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 55 प्रतिशत की गिरावट आई है। श्री नड्डा ने इसका श्रेय देश भर में मातृ और शिशु स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों और उपायों को दिया।

000

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज़ ने आज हनुमानगढ में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से जुड़े तीस मामले सुने और अधिकारियों को समाधान के उचित निर्देश दिये। मीडिया से बातचीत में श्रीमती रियाज़ ने कहा कि सभी को महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

000

दौसा में आज मादक पदार्थों की बड़ी खेप जब्त की गई। पुलिस और सीआईडी सीबी की ओर से की गई इस कार्रवाई में एक कंटेनर में करीब चार सौ थैलों में भरा सात हजार किलो से अधिक का डोडा पोस्त बरामद किया गया। इसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये बताई गई है। दौसा के पुलिस अधीक्षीक सागर राणा ने प्रेसवार्ता में बताया कि ये मादक पदार्थ झारखंड से लाए गए थे। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

000

जयपुर का राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान अपना 50वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष में आज से दो दिन के समारोह की शुरूआत हुई। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव

शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव संस्थान में कल होने वाले मुख्य कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

000

38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की आज से शुरूआत हुई। मेले का उद्देश्य हस्तशिल्प और हथकरघा को बढ़ावा देना है। मेले में 42 देशों के लगभग 600 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हरियाणा के फरीदाबाद में इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री शेखावत ने मेले को एकता और रचनात्मकता का प्रतीक कहते हुए पर्यटन का केन्द्र बताया।

000